>

Title: Regarding construction of approach roads and service lanes along National Highways No. 52 in Dewas, Madhya Pradesh.

श्री महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास) : माननीय अध्यक्ष जी, राष्ट्रीय राजमार्ग 52 जो कि मेरे लोक सभा क्षेत्र देवास से होकर निकलता है, वह देवास से शाहजहांपुर और शाहजहांपुर से शुजालपुर होते हुए आगरा की तरफ जाता है । इस सड़क का अभी-अभी निर्माण कार्य हुआ है । मगर इस सड़क के दोनों ओर जिस सर्विस रोड का निर्माण होना था, वह अभी तक नहीं हुआ है । इसके कारण वहां पर आवागमन करने वाले कृषकों को फसल ले जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इसके अतिरिक्त वहां पर दुर्घटनाओं की संख्याएं भी बढ़ गई हैं । मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण करवाने की कृपा करें ।